प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और सी आर पाटिल से मुलाकात की–विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं और यमुना जल समझौते पर चर्चा की।

- जयपुर में होने वाली सेना दिवस परेड को देखने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की पहल–कल से सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी शुरू होगी।

- प्रदेश का बडा हिस्सा आज भी घने कोहरे, शीतलहर और सर्द हवाओं की चपेट में–अगले दो–तीन दिन कडाके की ठंड जारी रहने के आसार।

- अंडर–19 राष्ट्रीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता बाडमेर में सम्पन्न–राजस्थान बालक और बालिका वर्ग दोनो में चैम्पियन बना।

....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान जयपुर की उत्तरी रिंग रोड, जयपुर से अमृतसर और जामनगर कॉरिडोर के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही, राजस्थान में विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। भिवाडी में जल भराव की समस्या और एसटीपी निर्माण पर भी विमर्श किया गया। इसमें केन्द्रीय पर्यावरण और वन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से भी मुलाकात की। उन्होंने श्री पाटिल के साथ यमुना जल समझौते के तहत जल प्रबंधन और अग्रिम कार्य योजना पर बातचीत की।

....

मुख्यमंत्री श्री शर्मा कल जयपुर में सचिवालय परिसर स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 पहुंचे। श्री शर्मा ने इस दौरान परिवादियों की समस्यायें सुनी। मुख्यमंत्री ने फोन पर जोधपुर, करौली और भीलवाडा के शिकायतकर्ताओं की समस्यायें सुनी और उन्हें त्वरित राहत दी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री स्तर पर सपंर्क हैल्पलाईन की नियमित मॉनिटरिंग की जाती है।

....

देश में दस लाख युवाओं और लघु उद्यमियों को एआई कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने ये जानकारी दी। उन्होंने जयपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ किया। श्री वैष्णव ने कहा कि एआई से हर क्षेत्र में काफी बदलाव आये है। ये कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और मैन्युफैक्चरिंग सहित अन्य क्षेत्रों में परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभर रहा है।

....

श्री वैष्णव ने कहा कि अगले महीने नई दिल्ली में **ग्लोबल ए.आई. इम्पैक्ट समिट** का आयोजन होगा।

....

केन्द्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि विकसित भारत के निर्माण के लिए कुपोषण को दूर करना जरूरी है। कल नई दिल्ली में एक सम्मेलन में श्री गोयल ने कहा कि कुपोषण जटिल चुनौती है और इसके लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कुपोषण से निपटने में कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी व्यापार को सामाजिक प्रभाव से जोड़ने का अवसर देती है। श्री गोयल ने कुपोषण को दूर करने में महिला और बाल विकास मंत्रालय की केंद्रीय भूमिका पर जोर दिया।

....

जयपुर में सेना दिवस के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए लोगों का खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इन कार्यक्रमों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। इसी कडी में परेड देखने के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की पहल की गई है। ऑनलाईन

रजिस्ट्रेशन वेबसाईट पर स्वयं या ईमित्र के माध्यम से भी किया जा सकता है। ये परेड 15 जनवरी को महल रोड़ पर होगी। 9, 11 और 13 जनवरी को पूर्वाभ्यास होगा। वहीं कल से जयपुर के भवानी निकेतन संस्थान में सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी शुरू होगी। 10 और 15 जनवरी को एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या रखी गई है।

....

प्रदेश का बडा हिस्सा आज भी घने कोहरे, शीतलहर और बर्फीली हवाओं की चपेट में है। घनी धुंध के कारण सडको पर कुछ मीटर आगे देख पाना भी मुश्किल हो रहा है। कई क्षेत्रों में विजिबलिटी शून्य है। भरतपुर, भीलवाडा, करौली, अजमेर, जालोर, बाडमेर और चूरू सहित कई स्थानों पर घने कोहरे के कारण यातायात काफी धीमा बना हुआ है। सर्द हवाओं की गलन से लोगों के अलावा पशु पक्षी भी प्रभावित हो रहे है। प्रदेश के 28 शहरों में कल न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। वहीं डूंगरपुर, मांउटआबू और पाली में रात का पारा 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से दो से 8 डिग्री सेल्सियस नीचे रिकॉर्ड किया जा रहा है। फिलहाल दो–तीन दिन तेज सर्दी से राहत के आसार नहीं है। 24 जिलों में 10 जनवरी तक स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

....

श्रीगंगानगर में रबी सीजन में इस बार बुआई का आंकडा साढे 14 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को पार कर गया है। कृषि विभाग ने इस बारे में आंकडे जारी करते हुए बताया कि ये निर्धारित लक्ष्य का 99 दशमलव 4 फीसदी है। तिलहन और दलहन फसलो की बुआई बडे पैमाने पर की गई है।

....

69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता कल बाडमेर में सम्पन्न हुई। इस अंडर 19 प्रतियोगिता में राजस्थान बालक और बालिका दोनो वर्गो में चैम्पियन बना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान पर आयोजित समापन समारोह में विजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

....

प्रदेश में मकर सक्रांति पर्व पर पतंग उडाने की परम्परा है। इस उपलक्ष्य में कई जगह पतंगबाजी का दौर शुरू हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन की ओर से चाईनीज और सिंथेटिक मांझे की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है। ये धारदार मांझा मनुष्यों के साथ ही पशु पक्षियों के लिए भी अत्यंत खतरनाक है। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि प्रशासन की ओर से नागरिकों से सुरक्षित और वैध मांझे का उपयोग करने की अपील की जा रही है। इसी कडी में ब्यावर में वाहन चालको की सुरक्षा के लिए वाहनों पर सेफ्टीगार्ड लगाये जा रहे है।

....